बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 1838/अकादमी/चयन समिति/10 भोपाल, दिनांक 16.8.10

प्रति,

आनन्द इन्स्टीट्यूट आफ एज्यूकेशन

नीलबड़, भोपाल

विषयः-बी.एड. पाठ्यक्रम सत्र 2010-11 हेतु अस्थाई संबद्धता निरंतर करने विषयक ।

महोदय,

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, के पत्र क्रमांक 95667 दिनांक 01.06.09 द्वारा जारी मान्यता के आधार पर एवं विद्वत परिषद की स्थाई समिति की बैठक दि. 14.06.10 तथा कार्यपरिषद की बैठक दि 29.06.10 में लिये गये निर्णयानुसार आपके महाविद्यालय में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में छात्र संख्या **100** हेतु अस्थाई संबद्धता/निरंतरता निम्न शर्तो के साथ प्रदान की जाती है ।

शर्तेः-

1. आपको अस्थाई संबंद्धता निरंतर हेतु आगामी सत्र 2011-12 के लिये निर्धारित शुल्क के साथ निर्धारित आवेदन पर आवेदन करना होगा ।
2. आपको विश्वविद्यालय परिनियम 27 एवं 28 की परीक्षा अध्यादेश क्रमांक 5,6,7 का पालन करना होगा, जिसे आप विश्वविद्यालय से प्राप्त कर सकते है ।
3. आपको शासी निकाय की नियमित बैठकों के कार्यवृत्त जिसमें विश्वविद्यालय के प्रधिनिधि उपस्थित हो दिनांक-30.9.10-तक अवश्यक रूप से प्रस्तुत करने होगें ।
4. प्राचार्य/शिक्षकों की नियुक्ति कालेज कोड-28 के तहत एन.सी.टी.ई. नार्म के अनुसार करनी होगी ।
5. महाविद्यालय का आय-व्यय पत्रक चार्टर्ड एकाउंटेंट से सत्यापित करवा कर प्रस्तुत करना होगा।
6. महाविद्यालय का स्वंय का भवन होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
7. उपरोक्त शर्ते पूर्ण न होने पर संबद्धता निरस्त की जा सकेगी

यदि महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम में कोई त्रुटि हो तो उसे 10 दिवस के अन्दर स्वंय उपस्थित हो कर त्रुटि सुधरवा ले । निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखे अन्यथा बाद में त्रुटि सुधारना संभव नहीं होगा ।

आदेशानुसार,

उप-कुलसचिव अकादमी
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ0क्रमांक 1839 /अकादमी/संबंद्धता/10 भोपाल, दिनांक 16.8.10

प्रतिलिपिः-

1. अतिरिक्त संचालक, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल ।
2. संचालक, उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल ।
3. क्षेत्रीय संचालक राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद भनस भवन श्यामला हिल्स भोपाल
4. उपकुलसचिव/गोपनीय/परीक्षा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ।
5. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

उप-कुलसचिव,(अकादमी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल